भारत स्काउट्स एवं गाइड्स
राष्ट्रीय मुख्यालय

पता : लक्ष्मी मजूमदार भवन, 16 महात्मा गाँधी मार्ग, इंद्रप्रस्थ एस्टेट, नई दिल्ली - 110002

वेबसाइट : www.bsgindia.org ईमेल आईडी : info@bsgindia.org दूरभाष : +91-11-23370724,23378667

प्रति,
समस्त राज्य सचिव,
भारत स्काउट्स एवं गाइड्स राज्य संघ,
भारतीय संघ

परिपत्र संख्या : 62 / 2020
दिनांक : 10 मई, 2020

विषय :—संशोधित— आभासी राज्य सचिव सम्मेलन।

आदरणीय महोदय / महोदया,

आशा है कि राज्य संघ के सभी सदस्य सुरक्षित एवं स्वस्थ होंगे।

हम प्रतिबद्धता और समर्पण के साथ कोविड—19 से निपटने हेतु विभिन्न महत्वपूर्ण सेवाओं के माध्यम से राज्य / जिला एवं स्थानीय प्रशासन की सहायता करने हेतु राज्य संघ में आपको एवं आपकी टीम को धन्यवाद देते हैं। समुदाय के लिए प्रदान की गई हमारी उत्साही एवं मूल्यवान सेवाओं की सरकार, प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया और अन्य लोगों द्वारा बहुत ही सराहना की गई है। कृपया हमारे सभी कोविड—19 योद्धाओं को हमारी ओर से प्रशंसा एवं आभार व्यक्त करें।

हमें आपको भारत स्काउट्स एवं गाइड्स के **जूम वेबिनार** के माध्यम से **12 मई, 2020 (मंगलवार) को 03.00** बजे ऑनलाइन आयोजित किये जाने वाले आभासी राज्य सचिव सम्मेलन की सूचना प्रदान करते हुए प्रसन्नता है। ऑनलाइन लिंक क्रमशः आपके मोबाइल (व्हाट्सएप) और ईमेल आईडी में भेजा जायेगा।

चूंकि हम सभी देशव्यापी लॉकडाउन के अधीन हैं अतः आइए हम ऑनलाइन मीटिंग के माध्यम से संगठन के गुणात्मक एवं संख्यात्मक विकास से संबंधित मामले पर चर्चा करने के अवसर का उपयोग करें। सम्मेलन का प्रस्तावित ऐजेंडा निम्नवत हैः

ऐजेंडाः

1— **कोविड—19 सेवा रिर्पोटिंग**
2— **राज्य संघ में ऑनलाइन युवा सदस्यता पंजीकरण प्रणाली (ओवाईएमएस)**
3— **ऑनलाइन विगिनर्स कोर्स का परिचय**
4— **आई आर एफ एवं फ्लेग—डे बकाया**
5— **आपूर्ति सेवा विभाग बकाया**
6— **मास्क बैंक का निर्माण एवं पीएम केयर्स फंड तथा मुख्यमंत्री राहत कोष हेतु योगदान**

आपसे अनुरोध है कि आप अपनी व्यक्तिगत ईमेल आईडी और व्हाट्सएप नम्बर karthisarath@gmail.com पर साझा करें तथा उसकी प्रतिलिपि it@bsgindia.org पर भी प्रेषित करें जिससे कि हमें 12 मई, 2020 को अपरान्ह तक आपको जूम वेबिनार मीटिंग का लिंक भेजने में कोई असुविधा न हो।

बैठक जूम वेबिनार में आयोजित की जायेगी।

निम्नलिखित का पालन करना हैः

1– जूम हेतु एक वैध ईमेल एवं पृथक पासवर्ड के साथ https://zoom.us/ में पंजीकरण करने की आवश्यकता है।

2– हमेशा जूम का उपयोग करते समय आपको अपनी पंजीकृत जूम आईडी से लॉगिन करना चाहिए और फिर बैठक में भाग लेना चाहिए।

3– प्रत्येक बैठक में भाग लेने के लिए एक मान्य नई मीटिंग आईडी और यूनिक पासवर्ड होगा कृपया इसे दूसरों के साथ या किसी व्हाट्सएप समूह में साझा न करें।

4– एक बार जूम वेबिनार के लिए मीटिंग लिंक बन जाने के बाद इसे आपकी पंजीकृत ईमेल आईडी पर साझा किया जायेगा, जिसे आप हमारे साथ साझा करेंगे।

5– बैठक में भाग लेने के दौरान हमेशा अपने मूल नाम के साथ लॉगिन करें ताकि मेजबान आपकी पहचान कर सकें और आपकी उपस्थिति को अवरुद्ध न करें।

6– यदि नाम न दिखाई देने वाला या अज्ञात है तो मेजबान आपको वेबिनार से हटा सकता है।

7– जब आप मीटिंग में शामिल होने जा रहे हों तो न्यूनतम 1 जीबी डेटा उपलब्ध हो ताकि आपको ऑडियो और वीडियो की गुणवत्ता में समस्या का सामना न करना पड़े।

8– मोबाइल फोन का उपयोग करने के बजाय अपने लैपटॉप या डेस्कटॉप से जूम मीटिंग कनेक्ट करने को वरीयता प्रदान करें।

9– जब आप स्क्रीन पर हों तो बोलने के समय कृपया अपने वीडियो और ऑडियो को चालू करें। बाकी समय कृपया अपने ऑडियो को म्यूट पर रखें।

10– यदि आप स्क्रीन पर बात करना पसंद करते हैं तो हैंड राइज बटन का उपयोग करें ताकि इसे प्रस्तुतकर्ता को सूचित किया जा सके और वे आपको स्क्रीन पर बात करने की अनुमति दे सकें।

11– जब आप जूम मीटिंग या जूम वेबिनार में हों तो किसी भी अनजान नम्बर के फोन कॉल को अटेंड न करें।

हम पूर्वोक्त सम्मेलन में आपकी उपस्थिति हेतु आग्रह करते है।

भवदीय

(राज कुमार कौशिक)
निदेशक

प्रतिलिपि प्रस्तुतः– माननीय मुख्य राष्ट्रीय आयुक्त, भारत स्काउट्स एवं गाइड्स की सेवा में सादर सूचनार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपि :–

1. समस्त माननीय राज्य मुख्य आयुक्त, भारत स्काउट्स एवं गाइड्स को सादर सूचनार्थ प्रेषित ।
2. समस्त सहायक निदेशक, भारत स्काउ्स एवं गाइड्स, क्षेत्रीय मुख्यालयों को अनुसरण हेतु।
3. समस्त जिला सचिव, दम्माम, रियाद, मस्कट एवं जमीयत यूथ क्लब भी पूर्वोक्त सम्मेलन में सादर आमंत्रित है।